# मालवा में नई ऊर्जा क्रांति का उदय, रोशन होगा मध्य प्रदेश

- मुख्यमंत्री ने मेगा सोलर प्लांट का किया भूमिपूजन
- 15000 लोगों को मिलेगा रोजगार
- जुलाई में लोकार्पण भी करेंगे मुख्यमंत्री



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन जिले के तराना तहसील स्थित बरंडवा ग्राम में 8,185 करोड़ से अधिक की लागत से स्थापित होने वाले विश्वस्तरीय मेगा सोलर विनिर्माण प्लांट का भूमिपूजन किया. इस प्लांट से पूरा मध्य प्रदेश रोशन हो सकेगा.**

सीएम ने कहा कि यह परियोजना मध्य प्रदेश को हरित ऊर्जा और सोलर उपकरण मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में देश का प्रमुख राज्य बना देगी, साथ ही 4,330 से अधिक स्थानीय युवाओं को सीधा रोजगार और लगभग इतने ही लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्रदान करेगी. कार्यक्रम में उज्जैन-आलोट क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया, देवास-शाजापुर क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अरुण भीमावद, डॉ. रवि पांडे, मीडिया प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

**हरित ऊर्जा और रोजगार** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैक्सन कंपनी के इस विशाल आयोजन में अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की बयार बह रही है, जिसका लाभ मध्य प्रदेश को भी नवीन उद्योग और रोजगार के रूप में मिल रहा है. उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश को औद्योगिक विकास के साथ स्थानीय रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए उन्होंने वर्ष 2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया है.

**क्षेत्र की बदलेंगी तस्वीर**-इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने के बाद उज्जैन-मक्सी क्षेत्र देश में सोलर उपकरण निर्माण का राष्ट्रीय हब बन जाएगा, जिससे मालवा अंचल की तस्वीर बदल जाएगी.

### परियोजना पर एक नजर

जैक्सन ग्रुप के मैनेजमेंट ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि प्लांट में सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग का काम जुलाई 2026 तक शुरू कर दिया जाएगा, यह भी चर्चा हुई की जुलाई तक लोकार्पण भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कर कमलों से करवाया जाएगा.

**दो चरणों में होगा निर्माण**

पहला चरण (जैक्सन इंजीनियर्स लि.)- लगभग 1,046.88 करोड़ के निवेश से 3 गीगावॉट सोलर मॉड्यूल और 3 गीगावॉट सोलर सेल बनाने की यूनिट स्थापित होगी। दूसरा चरण (जैक्सन इंटीग्रेटेड सोलर लि.)- 7,104.89 करोड़ के विशाल निवेश से इंगॉट, वेफर्स, सेल्स और मॉड्यूल का निर्माण होगा. यह प्लांट सबसे आधुनिक टेक्नोलॉजी से सोलर मॉड्यूल और कंपोनेंट बनाएगा.



# नवंबर में ही कड़ाके की ठंड

**10 ℃ से कम हुआ तापमान**

**84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटेगा**

**भोपाल, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश में इस साल नवंबर की शुरुआत से ही ठंड तेजी से बढ़ रही है. शनिवार-रविवार की रात भोपाल और इंदौर में पारा गिरकर 6.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है.**

राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.4℃ दर्ज हुआ. यदि पारा और 0.3 डिग्री गिरता है, तो 30 नवंबर 1941 को दर्ज 6.1℃ का 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा. इंदौर में भी बीती रात 6.4℃ तापमान दर्ज हुआ, जो 25 वर्षों में नवंबर का सबसे ठंडा रात का तापमान है. प्रदेश के अन्य शहरों में भी पारा सामान्य से काफी नीचे रहा. जबलपुर में 8.5℃, उज्जैन में 10.5℃, ग्वालियर में 10.1℃ और राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 6℃ दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा. मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के लिए कई जिलों में शीतलहर और तीव्र शीतलहर का अलर्ट जारी किया है.


पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा. धार, नौगाँव (छतरपुर), दमोह, शिवपुरी और बैतूल जिलों में शीतलहर का असर दिखा, जबकि भोपाल, राजगढ़, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सीहोर, शाजापुर और शहडोल जिलों में तीव्र शीतलहर चली. मलाजखंड (बालाघाट) में शीतल दिन की स्थिति रही.

> अधिकतम तापमान की बात करें तो अधिकांश जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, हालांकि इंदौर, उज्जैन, रीवा और शहडोल संभागों में तापमान सामान्य से 3.2-3.6℃ तक कम रहा. वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और चंबल संभागों में अधिकतम तापमान 1.8-2.7℃ तक कम दर्ज हुआ. न्यूनतम तापमान भी कई संभागों में सामान्य से काफी नीचे रहे. भोपाल, इंदौर, रीवा और जबलपुर संभागों में पारा सामान्य से 5.1-7.9℃ तक कम रहा, जबकि उज्जैन, ग्वालियर, शहडोल, सागर और चंबल संभागों में यह 3.2-4.5℃ तक कम दर्ज हुआ. नर्मदापुरम संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7℃ तक कम रहा.

# गोविन्द ने लिखा चुनाव आयुक्त को पत्र

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पर उठाए सवाल

**भिण्ड, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने सवाल खड़े किए है.**



उन्होंने पुनरीक्षण प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है. साथ ही उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है.

डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि लहार विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ की लापरवाही के कारण पुनरीक्षण कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है. उनके अनुसार 15 नवम्बर 2025 तक अधिकांश बूथों पर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित ही नहीं किए गए. कांग्रेस बीएलओ और स्थानीय नागरिकों द्वारा उन्हें लगातार शिकायतें भेजी गई हैं. उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर बीएलओ ने मूल गणना पत्रक के स्थान पर केवल उसकी फोटोकॉपी बांट दी, जो निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों के अनुसार मान्य नहीं है.

> पात्रता की जांच के लिए आवश्यक वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी लोगों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. डॉ. सिंह ने आशंका जताई है कि इन अनियमितताओं और देरी के कारण पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हो सकेगा, जिससे बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर रह सकते हैं. कई गणना पत्रक गलत तरीके से भरे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजे गए पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएँ.

# डीएसपी बनकर 72 लाख की ठगी

## पीएमओ-सीएम से शिकायत के बाद खुला फर्जीवाड़ा, फर्जी अफसर गिरफ्तार

**बालाघाट, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश में डीएसपी संतोष पटेल के नाम पर छत्तीसगढ़ की एक आदिवासी महिला से 72 लाख रुपये की ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है।**




पीड़ित महिला ने नामजद स्त्रह्मक्र कराने के लिए करीब दो महीने पहले कुसमी थाने में आवेदन दिया था, लेकिन जांच प्रक्रिया के चलते FIR न होने पर उसने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शिकायत भेज दी। मामला उच्च स्तर पर पहुंचते ही पुलिस हरकत में आई और बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हो गया.

पीएमओ के निर्देश मिलने पर पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ी। महिला ने जिस अधिकारी का नाम बताया, वह सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स वाले हॉक फोर्स बालाघाट के असिस्टेंट कमांडेंट (पूर्व डीएसपी) संतोष पटेल निकले। टीम जब बालाघाट पहुंची और पटेल को महिला की शिकायत व दस्तावेज दिखाए गए, तो वे खुद हैरान रह गए। महिला को ठगने वाला असली आरोपी कोई अधिकारी नहीं, बल्कि सीधी जिले का 29 वर्षीय जेसीबी ऑपरेटर निकला, जिसने कई वर्षों तक संतोष पटेल की फोटो और पहचान का दुरुपयोग किया।

महिला ने 2018 से 2025 के बीच आरोपी के झांसे में आकर जमीन बेचकर, कर्ज लेकर और रिश्तेदारों से उधार जुटाकर कुल 72 लाख रुपये दिए।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद साइबर ठग सक्रिय

**धार.** दिल्ली ब्लास्ट की घटना के बाद देशभर में साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का नया तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। ठग अब आम नागरिकों को कॉल कर यह दावा कर रहे हैं कि उनके मोबाइल नंबर या आधार नंबर का इस्तेमाल दिल्ली ब्लास्ट में किया गया है। इसके बाद खुद को ATS या पुलिस अधिकारी बताकर डराया-धमकाया जा रहा है और मामले को सुलझाने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के धार जिले के धामनोद से सामने आया है। यहां निवासी देवराम पटेल को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को ATS अधिकारी बताया.

## एक नजर में

### अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 20 वाहन जब्त

**ग्वालियर.** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने आज रविवार तड़के बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विक्की फैक्ट्री क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर रेत से भरे 20 वाहनों को जप्त किया. इनमें 17 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 मिनी ट्रक और एक अतिरिक्त ट्रॉली शामिल है. सभी वाहनों को झांसी रोड थाना क्षेत्र में अभिरक्षा में रखा गया है तथा मध्यप्रदेश खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई की

### सोयाबीन का भावांतर मॉडल रेट 4234 रुपए क्विंटल दर्ज

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 16 नवंबर को 4234 रुपए प्रति क्विंटल का रेकॉर्डेड मॉडल रेट जारी हुआ है. यह मॉडल रेट उन किसानों पर लागू होगा, जिन्होंने अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इसी आधार पर किसानों को मिलने वाली भावांतर राशि की गणना की जाएगी. सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. 7 नवंबर को जारी पहला मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल था. इसके बाद 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए और 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का रेट दर्ज हुआ था.

### ब्राउन शुगर तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन.** खरगोन जिले के बड़वाह थाना क्षेत्र में पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. बड़वाह थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौड़ ने बताया कि पूछताछ में उसकी पहचान सद्दाम खान के रूप में हुई. तलाशी में 5.47 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई.





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Kick in Bhopal.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60